कार्यवाही — अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही

# अलग-अलग स्थानों से जप्त की गई भारी मात्रा में शराब

**नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा नगर सहित क्षेत्र के गांवों में लगातार धरपकड़ मुहिम चलाते हुये अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते पुलिस ने बीते हुये दिनों अलग अलग स्थानों पर छापा मारते हुये भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने समीपस्थ सालीचौका के अंतर्गत ग्राम डुगारिया पुलिया के पास से हरिसिंह पिता गोपाल ठाकुर के पास से 20 पाव देशी, सालीचौका तालाब के पास जगदीश पिता हीरालाल धानक के पास से 10 लीटर कच्ची, नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में तलसीदास पिता उद्दी धानक के पास से 5 लीटर तथा दीपक पिता खुमान सिंह धानक डोला बाबा के पास से 5 लीटर कच्ची तो ग्राम बोहानी रावघ स्कूल के पास प्रवीर्णा पता दुर्गा प्रसाद



सोन के पास से 13 पाव प्लेन, ग्राम कामती में वही के निवासी अनुज पिता बीटू लाल कौरव के पास से 50 पाव देश व 28 पाव अंग्रेजी गोवा व सालीचौका रेल्वे गेट के पास परषोत्तम पिता मोहन लाल यादव निवासी भटेरा, शेख करीम पिता शेख रहीम निवासी भटेरा, सुयश पिता भरत पटै निवासी भटेरा को एक जीप क्र.एमपी 22 सीए 9994 के पास से भारी मात्रा में शराब पकड़े जाने पर पुलिस ने आरोपियों के पास से शराब सहित जीप को जप्त किया गया। इसी प्रकार से समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम तेदूखेड़ा छोटा में वही के निवासी मेधलाल पिता भैयालाल रजक के पास से 6 लीटर कच्छी तथा ग्राम बारहाबड़ा में एक महिला के पास से 11 पाव देशी प्लेन तथा ग्राम इमालिया पिपरिया में वही के निवासी रमेश पिता भैरो प्रसाद कौरव के पास से 5 लीटर तो चीचली सीतारेवा नदी पुल के पास अबरार पिता खलील खान निवासी ढोगा मुहल्ला चीचली के पास से 13 पाव देशी प्लेन शराब जप्त की गई।

### शराब जप्त की

डोंगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम सिल्हेटी में राधेश्याम पिता भैया लाला भरिया के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की शराव व आशीष पिता लाल साहब ठाकुर निवासी ग्राम सर्रा के पास से 10 पाव देशी प्लेन व ग्राम कुडारी में वही के निवासी छोटू पिता बीरबल कीर के पास से 5 लीटर तथा ग्राम किरहकोटा में वही के निवासी नीलेश पिता रमेश कौरव के पास से 5 लीटर, ग्राम डोगराखोह में रंजीत पिता कन्छेदी लाल कौरव के पास से 3 लीटर शराब जप्त की गई तो समीपस्थ सांईखेड़ा थाना पुलिस ने अपने थाना के अंतर्गत आम रोड पर ग्राम अनिल पिता प्रीतम चौधरी ग्रामि खरैटी के पास से 14 पाव देशी प्लेन, ग्राम मिढवानी देवरी में दौलत पिता काशीराम के पास से 16 पाव देशी प्लेन, ग्राम तूमडा तिरहा के पास रेवा सिंह पिता धनसिंह चौधीि निवासी मुंआर के पास से 18 पाव देशी, ग्राम तूमडा निवासी गिरवर पिता दिल्लीपत राजपूत के पास से 16 पाव देशी।

## उबालकर छानकर या आरो का पानी पिये

**तेंदूखेड़ा।** हाल ही में लगातार वारिस के चलते बरसात का पानी जहां तहां भर गया है। यही बरसात का पानी जलस्त्रोतों में पहुंचता है। जिसे हम हम हेंडपंपो के माध्यम से पीने के उपयोग में लेते हैं। शुरुआत का यह दूषित पानी हमारे लिए पीड़ा दायक हो जाता है। बहुत सी बीमारियां केवल पानी से ही उत्पन्न होती है। इसलिए हमें पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी उपयोग में लेना चाहिए। बरसात के दिनों में अक्सर कर पेट दर्द आंव पेचिस उल्टी-दस्त के मरीज अधिकांशत: अस्पतालों में देखने को मिला करतें हैं। छोटी-छोटी सी बातों को ध्यान में रखकर यदि सुधार हो जाता है तो हम विभिन्न प्रकार की व्याधियों से बच सकते हैं। इन सभी विषयों को लेकर ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी की बहुत ज्यादा समस्या बढ़ जाती है। जल स्त्रोतों के आस पास जमा होने फिर वही पानी रिचार्ज वापिस आने उसी को पीने से समस्या बनती है। लोगों को चाहिए कि पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी पियें। अक्सर कर उल्टी-दस्त आंव पेचिस पेट दर्द की शिकायतें बढ़ती है। लोगों को चाहिए अपने इर्द-गिर्द साफ सफाई बनाकर रखें।

# शासकीय विभागों में कर्मचारियों की कमी

**गाडरवारा।** यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाते हुए वह आमजन का भला करने की सोच रखे हुए है, मगर उन योजनाओं का सही क्रियान्वयन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह अनेक विभाग में चल रही अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी के चलते शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होते हुए जान पड़ रहा है।

क्योंकि सरकार की बेहतर मानी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गति वर्तमान में धीमी होने की स्थिति में इन दिनों क्षेत्रवासी निराशा में डूबने मजबूर हो गए है। जानकार सूत्रों के अनुसार यदि देखा जावे तो सरकार आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई अधिकांश योजनाओं के जमीनी धरातल पर अमल में लाने के लिए शासकीय विभागो में कर्मचारियों की कमी बाधा बन रही है या फिर अधिकारी अपनी वाही वाही लूटने के उद्देश्य से उन योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के नाम पर सिर्फ कागजों तक सीमित रखते हुए सिर्फ औपचारिकता निभाते हुए ही जान पड़ रहे है। क्योंकि लगातार जन



सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन होने के बाद भी आये दिन लोगों को अपनी समस्याओं के चलते अधिकारियों से लेकर नेताओं के कार्यालयों के चक्कर काटते हुये आसानी से देखा जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा अपनी शिकायतों में यह बात का उल्लेख करते हुये देखे जा रहे है कि उन्हें इस योजना का लाभ नही मिल रहा है या फिर इस समस्या से जूझ रहे है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब शासन के अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिवसों पर जन सुनवाई या फिर शिविरों का आयोजन करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है तो फिर इसके बाद लोग परेशान होते हुये क्यों घूम रहे है, निश्चित ही आम लोगों को परेशान होते हुये देखकर इस बात का खुलासा होने से नही चूक पा रहा है कि अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का निराकरण करने या फिर में दिलचस्वी नही ली जा रही है या फिर मात्र औपचारिकता ही निभाई जा रही है, जिसके चलते आम लोगों को परेशान होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। वही दूसरी ओर अनेक शासकीय विभाग कर्मचारियों की कमी से भी जूझते हुये देखे जा रहे है जिसके चलते आमजनों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है, क्योंकि इस समय अनेक शासकीय विभागो में कार्यरत कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने का सिलसिला चल रहा है और बहुत से शासकीय कर्मचारी ऐसे है जिन्हे तबादला फेक्ट्री की भेंट चढ़ा दिया गया है।



## पिपलेश्वर महादेव से भूतेश्वर महादेव तक महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

**गोटेगांव।** भगवान भोलेनाथ के प्रिय सावन के महीने में चारों तरफ भोलेनाथ की भक्ति की धूम है जहां बड़ी-बड़ी कावड़ यात्रा भक्तों के द्वारा सभी जगह निकाली जा रही हैं वहीं पथरिया कुआं के नजदीक स्थित अति प्राचीन सिद्ध पिपीलेश्वर महादेव मंदिर से महिला मंडल ने कांवड़ यात्रा निकाली पीले वस्त्रों को धारण किए हुए महिलाओं व छोटे-छोटे बच्चे हर हर महादेव के नारे लगाते हुए कांवर में जल भरकर। गाजे बाजे के श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर होते हुए भगवान भूतेश्वर मंदिर पहुंचे, कावड़ यात्रा में महिलाओं व बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला जहां सभी ने भगवान भूतेश्वर को जल अर्पण करते हुए विधिवत पूजन अर्चन कर पूर्ण लाभ अर्जित किया। कांवड़ यात्रा माता खेरमाई होते हुए भगवान पिपलेश्वर महादेव पर संपन्न हुई।

# भगवान को मानते हो तो उसकी वाणी को भी मानना चाहिए

**गोटेगांव।** जिनेंद्र भगवान का समोशरण इतना अलौकिक एवं सर्व हितकारी होता है कि भगवान के वचन हरेक जीव अपनी भाषा में जान लेता है,समझ लेता है। फिर वह जीव चाहे मनुष्य हो या फिर पशु पक्षी। वीतरागी जिनेंद्र भगवान कभी भी पक्षपात नहीं करते। उनके वचन सबके लिए हैं, सबके हितकारी हैं। जिस किसी को कहीं भी शरण नहीं मिलती उसे भी वीतरागी भगवान के चरणों में शरण मिल जाती है। सर्व हितकारी यह धार्मिक बात गोटेगांव नगर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपने धर्म प्रवचन में कहीं। मुनि श्री ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि व्यक्ति का महत्वाकांक्षी अहंकार ही उसे श्रेष्ठ देव अर्थात जिनेंद्र भगवान की




श्रेष्ठता स्वीकार नहीं करने देता। लेकिन वीतरागी के यहां सभी को शरण मिलती है। आज की स्थिति यह है कि लोग राम को तो मानते हैं लेकिन उनकी वाणी को नहीं मानते। लोग महावीर को तो मानते हैं, पर उनकी वाणी को नहीं मानते हैं। लेकिन जीवन में अपनाने योग्य बात यह है कि जैसे जिनेंद्र भगवान हैं वैसी ही उनकी सर्वहितकारी वाणी है। इसके बाद भी आप भगवान को तो मानते हो परन्तु उनकी वाणी को नहीं मानते हो। ऐसे अज्ञानी श्रावक भगवान के भक्त नहीं बल्कि कमबख्त हैं। श्रावक के जीवन में होना तो यह चाहिए कि जब वह जिनेंद्र भगवान को मानता हैं तो उनकी वाणी को भी मानना चाहिए। भगवान की वाणी कटु तो हो सकती है लेकिन स्वार्थ भरी या राग द्वेष भरी नहीं होती है। इसलिए इस वाणी को पूर्ण रूप से स्वीकार करने पर ही मनुष्य को मोक्ष प्राप्ति होगी। वरना वह यह संसार में भटकता रहेगा। यदि तुम अपने जीवन में परिवर्तन लाना चाहते हो। जीवन को धर्मानुकूल बनाना चाहते हो तो भगवान को मानने के साथ ही उनकी वाणी को भी मानो। उनकी वाणी पर अमल करो। मुनिश्री ने कहा कि कोई भी मुनि भोजन करने के लिए मुनि नहीं बनता बल्कि वह भजन करने के लिए मुनि मुद्रा धारण करता है। इस दौरान यदि आगम में बताए अनुसार भोजन मिल जाए तो ठीक है और नहीं मिले तो भी ठीक है। आगम में कहा गया है कि भूख लगे तो दिन में केवल एक बार भोजन कर लेना। कोई भी संकल्पित व्रती श्रावक दिन में केवल एक बार भोजन ग्रहण करता है।

## सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**नरसिंहपुर।** दिल्ली संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्राकृतिक कृषि, नर्मदा मैया,क्रूज पर्यटन, लोकसभा क्षेत्र के समसामयिक विषयों पर प्रधानमंत्री से विस्तृत चर्चा की। यह मुलाकात क्षेत्र के विकास के प्रति सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रयासों को दर्शाती है।श्री चौधरी ने संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद (संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17) के अंतर्गत राज्य राजमार्ग क्रमांक 22 एवं 59 का प्रमुख खंड है। जिसकी कुल दूरी लगभग 250 किलोमीटर है। उक्त मार्ग करेली, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से



प्रारंभ होकर नर्मदापुरम में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 से गुजरते हुए हरदा जिले के उड़ा ग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग 47 से जुड़ता है। इन राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित कर विकसित करने का आग्रह किया। सांसद चौधरी ने बताया कि वर्तमान में NTPC गाडरवारा परियोजना की वर्तमान में 1600 मेगावाट की क्षमता है।

### एक नजर में

## समाजसेवी एवं उनकी मित्र मंडली ने सड़क पर तड़प रहे घायल को पहुंचाया चिकित्सालय

**गाडरवारा।** जब कही कोई सड़क दुर्घटना घटित होती है तो मौके पर भीड़ उमड़ने से नही चूक पाती है। मगर घटना में घायल होने वाले लोगों के लिये यदि समय रहते हुये आम लोगों से मदद मिल जावे तो उनकी जिन्दगी बचाई जा सकती है। इस स्थिति में। अक्सर देखा जाता है कि लोग सड़को पर पड़े रहने वाले घायलों की मदद के लिये आगे आते हुये दिखाई नही देते है यह निश्चित



तौर से चिंता जनक सच्चाई है। जबकि स्थानीय पुलिस द्वारा यह बात उजागर कर दी गई है कि यदि इस तरह से किसी घायल को कोई मदद करते हुये चिकित्सालय लेकर जाता है कि पुलिस द्वारा न तो उसे किसी प्रकार से कोई गवाह बनाया जावेगा और न ही अन्य तरह की कार्यवाही का हिस्सा बनाया जावेगा। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गुरूवार की देर शाम गाडरवारा कामती मार्ग पर उस समय देखने मिली जब दो लोग मोटर साईकिल पर सबार होकर जा रहे थे।

## तराना म्यूजिकल ग्रुप ने मोहम्मद रफी को सुमधुर सदाबहार गीतों से याद किया


**गाडरवारा।** सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पअर्पण माल्यार्पण दीप प्रज्जवलन एवं रफी साहब के तैल चित्र पर तिलक वंदन पुष्पअर्पण कर कार्यक्रम का आगाज नरेश कौरव ने परदेसियों से ना अखियां मिलाना ,तुम मुझे यूं भुला न पाओगे ,दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा प्रेम कोरी ने ,वरिष्ठ गायक रामशरण



मेहरा ने रहा गर्दिशों में हरदम मेरे इश्क का सितारा ,जो गुजर रही है मुझ पर उसे कैसे में बताऊ अंकुर साहू ने , याद ना जाए बीते दिनों की एवं अपनी आंखों में बसाकर तेरा दीदार करूं दारासिंह चौहान ने प्रस्तुत किया इसी प्रकार रफी साहब के एक से बढ़कर एक अनेक सुमधुर नग्मों की प्रस्तुतियां कलाकारों नें दी एवं सभी ने देर रात्रि तक कार्यक्रम के मधुर गीत संगीत का भरपूर आनंद लिया।

## 6 सूत्रीय दिव्यांगजनों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा।** अमन सदभावना शिक्षण प्रशिक्षण कल्याण समिति मध्य प्रदेश के दिव्यांगजन ने गाडरवारा अनुविभागीय कार्यालय पहुँच कर दिव्यांगजन् की 6 सूत्रीये मांगो को लेकर ज्ञापन दिया दिव्यांग पेंसन बढ़ाने रोजगार बस मे आरक्षण आदि मांगो को मुख्य मंत्री जी के नाम एस डी एम महोदय को ज्ञापन सोपा ज्ञापन मे समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष कमलेश रजक जिला अध्यक्ष कुलदीप रजक



उपाध्यक्ष मनीष कुशवाहा प्रदेश मीडिता प्रभारी विनोद चौकसे प्रशांत दोहरे राजकुमार अवस्थी केशव जाटव अनुराग राजपूत सत्यनारायण आदि शामिल रहे।

## जीतू पटवारी को चातुर्मास समिति सदस्यों ने दिया आमंत्रण पत्र

**गोटेगांव।** परमहंसी गंगा आश्रम परम पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की पावन तपो भूमि पर परमहंसी गंगा आश्रम में परम पूज्य द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वतीजी का दिव्य पावन चातुर्मास व्रत अनुष्ठान अनेक धार्मिक आयोजनों के साथ में जारी है इस दौरान देश प्रदेश के अनेक भक्तों का आगमन भी परमहंसी गंगा आश्रम हो रहा है, विगत दिवस चातुर्मास आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर, मध्य प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनी हेमंत खंडेलवाल कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य प्रमुख मंत्री मंडल के सदस्यों, धार्मिक जनों को आयोजन समिति द्वारा आमंत्रण पत्र देते हुए आमंत्रित किया गया।




## नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा

**गाडरवारा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर योजना अंतर्गत नवांकुर सखी कार्यक्रम के अवसर पर सेक्टर क्रमांक 05सांईखेड़ा के खुर्सीपार ग्राम में मध्यप्रदेश शासन के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दिशानिर्देश मंशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद वि.ख. समन्वयक स्मिता दांडे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खुर्सीपार नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित, कन्यापूजन से संपन्न हुआ तथा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया, तत्पश्चात स्मिता ने नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी दी साथ ही हमारे बीच मुख्य अतिथि राकेश खेमरिया अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविध्यालय साईखेडा ग्राम सरपंच मनोज दुवे ,विकास खंड समन्वयक स्मिता दांडे परामर्शदाता सपना तोमर स्व सहायता समूह सरस्वती जाटव सेक्टर अध्यक्ष एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पर महिलाओं को संबोधित किया।

# अधिक पानी से गलने लगी फसलें

**तेंदूखेड़ा।** हाल ही में हुई लगातार जोरदार वारिस के चलते लगभग हर वर्ग प्रभावित हुआ है।साथ ही साथ किसानों की किसानी पर भी बुरा असर पड़ा है। लगातार इस वारिस से नदियों में बाढ़ होने के चलते खेतों में भी पानी भरने से अधिकांश फसलें अधिक पानी के कारण गलने लगीं है। जिनमें धान सोयाबीन अरहर गलने लगा है तथा मक्का फसल भी अब पीली पढ़कर सूखने लगी है। हमारे प्रतिनिधि को क्षेत्रीय कृषकों ने बताया कि मूंग फसल कटने के तत्काल बाद जिन किसानों ने मक्का सोयाबीन अरहर उड़द और धान लगा दी थी। अपने आप में उन्हें सजग किसान माना जा रहा था।जो किसान वंचित रह गए थे मौका पाकर फसल लगा रहे ही थे कि लगातार बारिश बीज को बहाकर ही ले गई । और उग ही नहीं पाई।जिन कृषकों की पूर्व में बुबाई हो गई थी उनकी फसलें पानी में गलकर नष्ट हो गई है। कुल मिलाकर जिन कृषकों द्वारा बुबाई



नहीं कर पाये वही फायदे में रहे। किसानों का कहना है कि मंहगे बीज और मजदूरी चली गई।हाथ में कुछ नहीं रहा। वर्तमान में खेत लबालब भरे हुए हैं। फसलों को बतर ही नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि धान की क्रांति टेंनटेन प्रजाति और तुअर की दुर्गा आशा लक्ष्मी प्रजाति गल चुकी है। वहीं सोयाबीन की 2117 2172 एम 85 ब्लेक गोल्ड भी गल चुके हैं। 30 जुलाई तक मक्के की अच्छी ग्रोथ हो जाया करती थी लेकिन इस अभी तक फसल ग्रोथ ही नहीं कर पाई है जिसका मुख्य कारण वारिस ही बना हुआ है। अब मौसम विभाग फिर से 5 अगस्त तक वारिस होना बताने लगा है। फसलों को धूप की नितांत आवश्यकता है।

# गुरु सिर्फ मंत्र नहीं देते, वो मन को मुक्त करते हैं

**गोटेगांव।** समीपवर्ती परमहंसी गंगा आश्रम में चल रहे चातुर्मास्य अनुष्ठान के उन्नीसवें दिन प्रात:कालीन मुंडकोपनिषद् स्वाध्याय और सायंकालीन रामकथा में पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वतीजी महाराज ने गुरुतत्त्व, आत्मविवेक और वैराग्य पर अद्वितीय प्रकाश डाला। मुंडकोपनिषद् अग्नि की ज्वाला और ब्रह्मज्ञान की उड़ान सुबह के सत्र में पूज्यपाद महाराजश्री ने मुंडकोपनिषद् का मंत्र उद्घाटित किया तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति के लिए विवेकवान शिष्य को गुरु के पास जाना चाहिए उन्होंने कहा जिस प्रकार अग्नि की ज्वाला ऊपर की ओर जाती है, उसी तरह आत्मा की प्रवृत्ति मूलत: ऊपर की ओर होती है परंतु हम उसे संसार की ओर बाँध देते हैं। गुरु की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा गया- गुरु सिर्फ मंत्र नहीं देते, वो मन को मुक्त करते हैं। आत्मा को



पहचान दिलाते हैं कि तुम देह नहीं, चेतना हो। मुंडकोपनिषद् के दृष्टांत से उन्होंने बताया ब्रह्मज्ञान पाना शस्त्र या यज्ञ से नहीं, श्रद्धा, तप, और गुरुसेवा से होता है। गुरु के समीप गया शिष्य, जैसे लोहे से चुम्बक सानिध्य में परिवर्तन पाता है, वैसे ही शिष्य में आत्मबोध उदित होता है। शाम की कथा- जब हठ ने त्रिशंकु को चांडाल बना दिया सायंकाल महाराजश्री ने त्रिशंकु प्रसंग को जीवंत शैली में प्रस्तुत किया- कैसे एक राजा ने गुरु आज्ञा की अवहेलना की, और संसार, समाज, और शास्त्र तीनों से बहिष्कृत हो गया। जब अहंकार विवेक को ढँक देता है, तब चांडाल बनना निश्चित है। विश्वामित्र और वशिष्ठ के संवाद से उन्होंने दिखाया कि ज्ञान और तप, दोनों जब अहं में पड़ जाएँ तो विनाश होता है आग जल से बुझेगी पेट्रोल से नहीं विवेक बिना कोई उपाय घातक हो सकता है। शिव धनुष जब नायक स्वयं प्रकट हुआ कथा में आगे शिव धनुष का प्रसंग आया।

### सीता-राम विवाह

सीता-राम विवाह की घोषणा हुई, जनक जी ने हाथ जोड़कर प्रार्थना की- मुनिवर! अब मुझे अनुमति दीजिए मेरी पुत्री का भाग्य आज पूर्ण हुआ गुरु की छाया में मौन सेवा ङ्क ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी पूरे आयोजन में एक मौन तपस्वी, पूज्य महाराजश्री के निज सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी, गुरुचरणों में मौन भाव से अचल साधना में लीन रहे। वे वाणी से नहीं, सेवा से बोलते हैं। न दर्शक हैं, न प्रवक्ता वे विनीत समर्पण के जीवंत प्रतीक हैं। पकड़ने का धर्म नहीं, छोड़ने का बोध चाहिए पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने अंत में स्पष्ट कहा संसार के सुख को पकड़ने की चेष्टा ही दुख है। गुरु वही है जो यह पकड़ छुड़वाता है और मुक्ति के द्वार तक शिष्य को ले चलता है। अज्ञानी श्रावक भक्त नहीं बल्कि कमबख्त हैं-

## दादा महाराज मंदिर से छात्र एवं मुकुट चोरी

**गोटेगांव।** विगत दिवस सांकल रोड ग्राम कमोद रोड स्थित श्री देव दादा महाराज के मंदिर से बीती रात अज्ञात चोर बदमाशों ने मंदिर से चांदी के छात्र एवं मुकुट व दान पेटी से ताला तोड़कर लगभग 5 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए साथ ही मंदिर में पूजन सामग्री मंदिर की घंटी पूजन की थाली पूजन के लिए 1 किलो शुद्ध घी रखा था उसको भी नहीं छोड़ा वही मंदिर सदस्य कमोद



निवासी आशीष घोषी के द्वारा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

## बीएसी ने किया स्कूल का निरीक्षण

**गोटेगांव।** नगर की शासकीय प्राथमिक कन्या शाला एवं शासकीय प्राथमिक नेहरू शाला का बीएसी उमाशंकर छिरा ने निरीक्षण किया। शासन से प्राप्त टीएम से गतिविधि कराई गईं तथा बच्चों के पीएम पोषण आहार का अवलोकन किया गया। पीएम पोषण आहार गुणवत्ता पूर्ण अच्छी पाई गई। भोजन मेन्यू अनुसार पाया गया। बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया गया तथा बच्चों को प्रतिदिन गणवेश पर आने के लिए।


### नाम परिवर्तन

आम लोगो को सूचितकिया जाता है कि मेरे बेटे का नाम आयुष्मान शर्मा पिता शिवकांत शर्मा, ग्राम बोहानी तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर है आधारर्काड मेरा नाम आयुष्मान शर्मा पिता शिवकांत शर्मा है जो सही है परंतु जन्म प्रमाणपत्र मे तनय शर्मा दर्ज किया है जो गलत है मेरा सही नाम आयुष्मान शर्मा पिता शिवकांत शर्मा है जो सही है अत: मुझे इसी नाम से जाना जाए एवं पहचाना जाए।

-शिवकांत शर्मा,
बोहानी,गाडरवारा